हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

# धान खरीदी का शुभारंभ : दो जिलों में 43 किसानों से दो हजार क्विंटल खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



अविभाजित जिले में धान खरीदी के पहले दिन सॉफ्टवेयर के चलते काफी दिक्कतें देखने को मिली। नए प्रभारी बनाए गए अफसरों को जानकारी का अभाव भी पहले दिन देखने को मिला। राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले को मिलाकर 43 किसानों से लगभग दो हजार क्विंटल धान की खरीदी पहले दिन की गई। मोहला-मानपुर जिले में पहले दिन बोहनी नहीं हो पाई।

उल्लेखनीय है कि शनिवार 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरूआत कर दी गई है। समिति प्रबंधक और कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ की हड़ताल का असर धान खरीदी में देखने को मिला है। कुछ खरीदी केंद्रों में किसानों से ही हमाल की व्यवस्था करने कहा गया। जिसके चलते किसानों के सामने भी परेशानी आई। ज्ञात हो कि जिले की 96 समितियों में से 35 केंद्रों में 168 किसानों को टोकन जारी किया गया था, लेकिन पहले दिन 28 किसानों से 1234 क्विंटल ही खरीदी की गई। वहीं खैरागढ़ जिले में 28 केंद्रों में 118 टोकन जारी हुए थे, इनमें 15 किसानों से 675 क्विंटल धान खरीदा गया। वहीं मोहला-मानपुर जिले में सात किसानों को टोकन जारी हुए थे, परन्तु खरीदी नहीं हो पाई।

## बर्खास्तगी से बौखलाए सहकारी कर्मी देंगे सामूहिक इस्तीफा

चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए सहकारी समिति के कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासन द्वारा बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई से बौखलाए सहकारी कर्मियों ने अब सामूहिक इस्तीफा देने की तैयारी की है। सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ तथा कम्प्यूटर आपरेटर महासंघ का कहना है कि राज्य सरकार की कैबिनेट में मांगों पर विचार नहीं किए जाने से कर्मचारियों में रोष की स्थिति निर्मित हो गई है। यदि मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आगामी 17 नवंबर को सभी कर्मचारी सामूहिक इस्तीफा देंगे।

## कोचियों पर एक्शन, पकड़ाया 20 लाख का धान

**राजनांदगांव।** शनिवार से प्रदेशभर में शुरू हुई धान की सरकारी खरीदी से पहले कोचिये भी सक्रिय हो गए हैं। पड़ोसी राज्यों के साथ ही जिले में भी धान खपाने का खेल शुरू हो गया है। ऐसे में प्रशासन ने भी अपनी टीमों को एक्शन के लिए तैनात कर दिया है। खरीदी शुरू होने से ठीक पहले पिछले 72 घंटे के भीतर जिले में धान के अवैध परिवहन के खिलाफ छह प्रकरण तैयार किए गए। इनमें 20 लाख रुपए कीमत का धान जब्त किया गया है।

बड़ी बात यह है कि यह सभी कार्रवाई मंडी एक्ट के तहत कोचियों पर की गई है। वहीं जिले के सभी बार्डर इलाकों में भी चेकपोस्ट बनाकर 24 घंटे नजर रखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि हर साल धान खरीदी के दौरान बड़ी मात्रा में धान का अवैध परिवहन किया जाता रहा है। जिसको लेकर प्रशासन भी अपनी तरफ से इसे रोकने के लिए उड़नदस्ता दल के अलावा चेकपोस्ट बनाता आया है। हालांकि इस बार कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने पंद्रह दिन पहले ही चेकपोस्ट बनाने के आदेश दिए थे। जिसके चलते खरीदी से पहले आने वाले धान पर भी प्रशासनिक नजर रखी जा सकी।

### 666 क्विंटल धान पकड़ाया

गुरुवार से शुक्रवार के मध्य की गई कार्रवाई में कुल 666 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इनमें भुनेश्वर साहू ग्राम महराजपुर से 20 क्विंटल, सुखरित दास ग्राम सुरगी से 32 क्विंटल, ढालसिंग साहू ग्राम पटेवा से 23 क्विंटल, माया राईस मिल खमारी महाराष्ट्र से 303 क्विंटल और आयुष एग्रो गोंदिया से 542 क्विंटल धान शामिल है। इस कार्रवाई के दौरान दो वाहन को भी जब्त किया गया है।

### मदद-शिकायत के लिए कंट्रोल रूम

धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज कराने एवं मदद के लिए जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम भी तैयार किया गया है। इसमें खाद्य विभाग से सहायक खाद्य अधिकारी, जिला विपणन विभाग से क्षेत्र सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है। धान के अवैध परिवहन एवं धान उपार्जन की निगरानी के लिए दल गठित किया गया है। मोबाइल नंबर 8349676400 तथा फोन नंबर 07744 299522 जारी किया गया है। दर्ज शिकायतों का निराकरण तीन दिन के भीतर संबंधित क्षेत्र के सक्षम अधिकारी से कराया जाएगा।











## खबर संक्षेप

### एफएलएन मेला आयोजित



**कोकपुर।** प्राथमिक शाला जरहामहका में एफएलएन मेला का आयोजन हुआ। शाला परिसर में एक स्टॉल एक अवधारणा के तहत शिक्षिका चमेली देवांगन, सरोज कोठरे ने -हिंदी, गणित, अंग्रेजी के स्टाल लगाए थे। करके देखबो- सीख के रहिबो थीम पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य सीमा यादव ने की। विशिष्ट तिथि राजकुमार सिन्हा, मन्नू लाल कंवर, अरुण सिरमौर, तुलाराम सिरमौर, पुष्पा सिन्हा, बुधराम कंवर, टुमनलाल सेन, घनश्याम साहू, अश्विन साहू, एबीईओ प्रहलाद साहू थे। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ। हिंदी, गणित के स्टाल का विधायक आदि ने अवलोकन किया। एबीईओ श्री साहू ने एफएलएन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर चमेली देवांगन, सरोज कोठरे, उषा पडौती, रेखा भारती, राम मनोहर देवांगन, भीखमसिंह चौरे, दिनेश गजेन्द्र, कुंजलाल पिस्दा, पेमीनबाई, माहेश्वरी चंदेल, गीतेश्वरी चंदेल, धीराजीराम, कन्हैयाराम, फूलचंद, बीरबल, बेलाराम साहू, चुम्मन, बिसनाथ, सरदारीराम, अनुसूईया बाई, आदि उपस्थित थे।

### बच्चों ने लगाए व्यंजनों के स्टाल



**सड़क अतरिया।** गर्ग विद्यालय खैरा नवापारा में शनिवार को बाल दिवस उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकारी, विज्ञान प्रदर्शनी, रंगोली, मेहंदी, निबंध स्पर्धा का आयोजन किया गया। बाल मेला में छात्रों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए। आयोजन में प्राचार्य गोवर्धन जंघेल, शिक्षक एवं पालक शामिल हुए। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भोरमपुर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल शामिल हुए। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान सूर्यकांत वैष्णव, प्रधान पाठक लक्षी साहू, शिक्षक अवध जंघेल, हेड़ाऊ साहू, हेमंत साहू, पुष्पा नेताम उपस्थित थे। वेद विज्ञान विद्या मंदिर सड़क अतरिया में शुक्रवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर नेहरू को याद कर नमन किया गया। छात्रों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए। इस दौरान राजेश देवांगन, प्राचार्य रवि चंदन, लेखूराम श्रीवास, मनोज यादव, डी आनंद, कैलाश पटेल, सुरेश साहू, सरगम गुप्ता, नंदकिशोर साहू, जागेंद भारती, रैमुन बंजारे, सत्यभामा साहू, वर्षा जंघेल, पायल तम्बोली, पायल देवांगन, गणेश सोनी, डोगेन्द्र गुप्ता, दीपेन्द्र वर्मा, झरेन्द्र रजक, पारस वर्मा, राकेश यादव, लोकेश जंघेल, जितेन्द्र जंघेल शामिल हुए।

### बाल उत्सव में शामिल हुए बच्चे



**अंजोरा।** प्राथमिक शाला अंजोरा में बाल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों और कला-कृतियों के स्टाल लगाए थे जिनका ग्रामीणों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में शाला समिति अध्यक्ष चंदूलाल साहू, उप सरपंच डोमनलाल साहू, संदीप साहू, महेश साहू, आर्यन बघेल, प्रधानपाठक सुश्री सुधा, नीलिमासिंह राजपूत, हाईस्कूल की प्राचार्य सिंह ने हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### बाल मेला में दिखी बच्चों की प्रतिभा



**पटेवा।** पूर्व माध्यमिक शाला पटेवा में बाल मेला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। बच्चों के प्रति उनके स्नेह को स्मरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रभारी प्रधानपाठक हरिश्चंद्र समारी के नेतृत्व में कुर्सी दौड़, आलू दौड़, सुरीली कुर्सी, स्लो साइकिलिंग, रस्सी छलांग, कबड्डी, गोली-चम्मच दौड़, चित्रकला, रंगोली, फैंसी ड्रेस आदि का आयोजन किया गया। इस दौरान आनंद सिन्हा, रोहिणी साहू, जागृतदास वर्मा, मोहेश साहू, दमयंती वर्मा, शाला समिति अध्यक्ष दिनेश्वर यदु, कमलेश्वरी साहू, गिरीश साहू सहित अन्य मौजूद थे। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आभार प्रदर्शन रोहिणी साहू ने किया।

### बच्चों ने याद किया नेहरू को



**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला घोटिया में बाल मेला का आयोजन किया गया। पं. नेहरू की पूजा अर्चना की गई।स्कूल में पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों के स्टॉल लगाए गए।कार्यक्रम में ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सरपंच संजय उईके, रामकुमारी मंडावी, प्रधानपाठक दिनेश खाड़े, धनराज वर्मा, देवेंद्र नागर, लक्ष्मणलाल भगत, विजेंद्र वर्मा ,श्री गायकवाड, अमर लाल वर्मा उपस्थित थे।

### नेहरू के योगदान की सराहना



**डोंगरगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनंदगांव के अध्यक्ष विजय कुमार होता के निर्देशन एवं सचिव प्रतिभा वर्मा के मार्गदर्शन में प्राथमिक शाला बढ़ियाटोला तथा कंडरापारा में शिविर का आयोजन किया गया। पीएलवी अशोक कुमार पांडे ने पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्र भारत के निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



**डोंगरगढ़।** प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर कांग्रेसजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। नेहरू कालेज में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने राष्ट्रनिर्माण में नेहरू के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि नेहरू जी आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शिक्षा, लोकतंत्र और भाईचारे की मजबूत सोच से देश खड़ा किया। इस मौके पर विजयराज सिंह, धीरज मेश्राम आदि ने संबोधित किया। इस दौरान प्रकाश महानदी, सुरेश मेश्राम, किशोर अंबादे, रिम्मी भाटिया, श्री साकरे,प्राचार्य डा रेवती, श्रीमती चौधरी,भगवती वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## खरीदी केंद्रों में अधिकारी-कर्मचारियों ने संभाली कमान

# नाप तौल की पूजा-अर्चना के साथ धान धरीदी का शुभारंभ





**हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया**

धान उपार्जन केन्द्र संड़ी में पहले दिन धान खरीदी शुरू नहीं हो सकी। टोकन प्राप्त किसान धान बेचने से चुक गए। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा ने धान खरीदी को लेकर आवश्यक तैयारी कर लिया था किन्तु अधिकारी और कम्प्यूटर आपरेटर के नहीं होने से किसानों का धान नहीं खरीदा जा सका। धान बेचने पहुंचे किसानों को वापस लौटना पड़ा। यहां करीब दो सौ क्विंटल की धान खरीदी होना था पर कम्प्यूटर आपरेटर के नहीं होने से बोहनी नहीं हो सकी। किसानों ने बताया कि बड़ी मुश्किल से टोकन कट पाया था किन्तु उनका धान बिक नहीं पाया। अब पुनः टोकन प्राप्त करने के लिए जद्दोजहद करना पड़ेगा।

कुकुरमुड़ा अतरिया में शनिवार को समिति के अध्यक्ष रोहित जंघेल ने धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस दौरान धान, तराजू की पूजा अर्चना एवं किसानों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात धान तौलाई शुरू किया गया। इस अवसर पर मोतीलाल जंघेल, राधे मोहन वैष्णव, गैंदुराम जंघेल, गैंदलाल जंघेल, संतोष यदु, दुखु पटेल, दौलत पटेल, जयकरण जंघेल, धनसाय साहू, अनुज जंघेल, बिरेंद्र जंघेल, रामकृष्ण वैष्णव, तुकाराम साहू, गौतम साहू, उत्तमचंद जैन, संतराम यदु, हरीश जंघेल, संतोष जंघेल, युवराज ठाकुर, आशिफ मिर्जा मौजूद थे। पहले दिन 33 क्विंटल 20 किलो धान की खरीदी हुई।

### सभी किसानों का धान खरीदेगी सरकार

**कुमरदा।** सेवा सहकारी समिति भोलापुर में शनिवार कोधान खरीदी की पूजा-अर्चना कर शुरूवात की गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति के प्रतिनिधि चुन्नी यदु थे। उन्होंने कहा कि सभी किसानों का धान खरीदना सरकार की पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर पूरणलाल नेताम, नकुल नेताम, भगतराम वैध, चमेलीबाई ठाकुर, कीर्तन साहू, वीणा साहू, देवधर देवांगन, फसमेश धनकर, रानु देवांगन, उत्तम साहू, खेमलाल, ठाकुरराम, पीलादास, बीरबल, मुन्नाराम टेमरे, दीनूराम, ईशुराम, ओमन लाल, पहुप दास सहित अन्य मौजूद थे।



### पहले दिन एक किसान ने बेचा धान

**तुमड़ीबोड़।** स्थानीय सेवा सहकारी समिति में शनिवार को धान की सरकारी खरीदी शुरू हुई। पहले 54 कट्टा धान खरीदा गया। धान खरीदी केंद्र पहुंचकर बोदेला के किसान रूपेंद्र वर्मा ने 21 क्विंटल धान बेचा। इस मौके पर नायब तहसीलदार चिराग रामटेक, समिति प्रबंधक केके चंद्रवंशी, नोडल अधिकारी बीके गणवीर, पटवारी मनीष पांडे, अध्यक्ष सुंदर वर्मा, अमरोतन साहू, सरपंच भुनेश्वरी साहू, खेलुराम साहू, जयराम साहू, हीरामन साहू आदि मौजूद थे।



### महिला कृषक का स्वागत

**छुरिया।** कल्लुबंजारी सेवा सहकारी समिति में शनिवार को धान खरीदी का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, प्राधिकृत अधिकारी खेमचंद साहू, आत्माराम चंद्रावंशी, चंद्रिका साहू, डोमेन पटेल ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर धान खरीदी की शुरूवात की। पहले दिन बैसाखिन बाई ने 40 क्विंटल 80 किलो धान बेचा। श्री सिन्हा ने उनका पुष्प हार से स्वागत किया। इस अवसर पर चित्राबाई कोर्राम, सरपंच राजकुमार पटेल, सुरेश साहू, बालकिसन साहू, सुशील कंवर, टीकम साहू, टेमन ठाकुर, नायब तहसीलदार, एडीओ वैष्णव, संतराम कंवर सहित किसान उपस्थित थे।

## धूल के गुबार से परेशानी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**

नगर की प्रमुख मार्ग का हाल बेहाल है। सड़क जर्जर हो गई है। बारिश के पहले जीरा-गिट्टी डालकर मरम्मत किया गया था किन्तु वर्तमान में लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वाहन हिचकोले खाते गुजरते हैं। गड्ढायुक्त सड़कों पर आवागमन करना दुश्वार हो रहा है। वहीं धूल की वजह से पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। शहर के खंडुपारा, बुधवारी मार्ग के अलावा खैरागढ़, चिचोल मार्ग का भी बुरा हाल है। अछोली से पुलिस थाना गेट तक धूल ही धूल देखा जा रहा है। इस मार्ग से गिट्टी, रेत, मुरुम भरे वाहन बेलगाम रफ्तार से गुजरते है जिससे दुर्घटना होने की आशंका तो रहती है साथ ही बच्चों और अन्य को इन दिनों धुल स्नान करना पड़ रहा है। नाकापारा मार्ग, करबला चौक, गौशाला तक आधा दर्जन स्कूल के लगभग चार हजार से अधिक बच्चे यहां से गुजरते है जिन्हे धुल का सामना करना पड़ता है। धूल के कारण बच्चे आए दिन सर्दी खासी जैसी बीमारियों के शिकार हो रहे है। वहीं सबसे अधिक परेशानी दमा, त्वचा रोग से प्रभावितों को हो रही है। लोगों ने बताया कि अस्पताल के सामने, गैस एजेंसी, काली मंदिर मोड़, नाकापारा व जनगद के पास आए दिन दुर्घटना हो रही है।

## सक्रिय हुए कोचिए बिकने लगी शराब

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**

- सरकारी दुकानों से हो रही शराब की सप्लाई

नये पुलिस अधीक्षक के आने के बाद क्षेत्र में जुआ, सटटा, शराब सहित अन्य अवैध कारोबार पर कुछ हद तक अंकुश लगा था किंतु समय बीतने के साथ शासकीय शराब दुकानों से शराब की अवैध बिक्री फिर शुरू हो गई है। बेजा शराब के बिकने के बाद भी आबकारी विभाग के अधिकारी कोचियों के साथ साठगांठ कर संरक्षण दे रहे है। जानकारी के अनुसार मेढा, बोरतलाव एवं कटली शराब दुकान से कोचियों को बड़े पैमाने पर शराब उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से भी शराब लाकर बेचा जा रहा है। जानकारी के अनुसार मेढा शराब दुकान से सबसे अधिक शराब की निकासी हो रही है। दुकान के पास ही स्टीगर के माध्यम से जुआ में लाखों का दांव लग रहा है।

## कामदेव बने किसान कांग्रेस के महासचिव

**सड़क अतरिया।** प्रदेश किसान कांग्रेस ने पूर्व जिला अध्यक्ष कामदेव जंघेल को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। श्री जंघेल ने किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाया था। उन्होंने किसानों की परेशानी को सुलझाने का प्रयास किया। उन्हे यह जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, रामकुमार पटेल, अशोक जंघेल, हिरामन जंघेल, पुलेन्द्र जंघेल, संत कुमार, पुणेन्द्र साहू, मिथलेश साहू, संतोष यदु, राजकुमार साहू, गोरेलाल जंघेल, लिखन जंघेल, किशुन मिर्चे, कैलाश वर्मा एवं अन्य ने बधाई दी है।

## सदियों याद रहे ऐसा करें कामः गांधी

### जयंती पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव**

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर वनवासी विकास समिति ने स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में विभिन्न स्कूल और कालेज के छात्र छात्राओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के बाद आवश्यक दवाएं भी दी। शिविर के आरंभ में भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत के सभापति प्रशांत कोड़ापे और नपं के पूर्व उपाध्यक्ष बीरेन्द्र बोरकर ने भगवान बिरसा मुंडा के आदिवासियों को संगठित करने और धर्म, जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला।



### बिरसा मुंडा को किया गया याद

इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने अपने उदबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म करीब डेढ़ सौ साल पहले हुआ था। उन्होंने मात्र 25 साल की अल्प आयु जब लोग अपने जीवन के सफर की शुरूवात करते है तब जो काम किया वह अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जीवन में ऐसा कुछ करना चाहिए कि सदियों बाद भी उन्हे याद किया जाए तभी मानव जीवन की सार्थकता है। इस मौके पर वनवासी विकास समिति के अध्यक्ष बसंत पटेल, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, प्राध्यापक शिवाजी लिमजे ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू, संदीप जैन, गुलशन हिरवानी, अरूण जैन, प्रियंक जैन, अंजू त्रिपाठी, निर्मला मालेकर, महेश्वर साहू, गिरजाशंकर उके, गोविंदा राजपूत के अलावा स्वास्थ्य अमला, छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## जनजातियों का इतिहास गौरवशाली

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी**

नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में जनजातीय गौरव बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम के आरँभ में प्रधानाचार्य ने बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने बिरसा मुंडा के संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान का उल्लेख किया। तत्पश्चात भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ संजू सिंह ने बतायत्कि जनजाति समाज सदैव सहयोग की भावना से कार्य करता है। वह कुछ देने में हमेशा आगे रहते है और बदले में किसी प्रकार की अपेक्षा नहीं रखते। इस मौके पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टिकेश्वरी ठाकुर, द्वितीय गणेश्वरी, पूजा धनकर तथा तीसरा स्थान रितु ने प्राप्त किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ काव्या जैन, कंचन साहू, चांदनी पराते, हिमानी साहू, डॉ हेमलता विरदी, योगिता ठाकुर, ओमप्रकाश सहारे, हरवंश चौरगे, चंद्रकांत कुंभकार, ज्ञानेश्वर देवांगन, कामेश देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ संजू सिंह एवं संचालन शुभी जैन ने किया।

**चिचोला।** प्राथमिक शाला बजरंगपुर में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा को याद किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को भगवान बिरसा मुंडा क्षरा जल, जंगल व जमीन के साथ सामाजिक कार्य की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, शिक्षक हुमनसिंह पिस्दा, गजेंद्र चौधरी, कांति साहू, रामनारायण साहू शामिल हुए।



### बच्चों की सराहनीय प्रस्तुति

**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में धरती के आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम जननायक बिरसा मुंडा की पूजा अर्चना कर चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्रधान पाठक धनुषराम कंवर ने उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। बच्चों ने जनजातीय वेशभूषा धारण कर मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संजीव चन्द्रवंशी, बिंदा मंडावी, विनोद मंडावी, छोटेलाल मंडावी, मनभा नेताम, भगवानी मंडावी, कुमारीबाई मंडावी, बसंत पडोती, पवन पडोती, तारा साहू आदि उपस्थित थे।





## धान खरीदी पर नजर रखने सदस्य नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज एवं प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के निर्देश पर जिला किसान कांग्रेस ने जिले के सभी मंडी व सोसायटी धान खरीदी केंद्रों में निगरानी समितियों का गठन किया है।

क्षेत्रीय विधायक यशोदा वर्मा एवं डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, नगर पंचायत छुईखदान अध्यक्ष नम्रता गिरिराज किशोर दास एवं नगर पंचायत अध्यक्ष गंडई लाल टारकेश्वर शाह खुसरो एवं पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भीखम छाजेड़, आकाशदीप गोल्डी, रामकुमार पटेल, भीग्येश यदु एवं कोमल साहू, दिनेश साहू एवं जिला पंचायत सदस्यों की सहमति से जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने यह नियुक्तियां की।



### सभी केन्द्रों में समिति

जिले में संचालित सभी धान खरीदी केंद्रों पर पारदर्शिता एवं सुचारू व्यवस्था बनाए रखने समितियां गठित की गई हैं। प्रत्येक समिति में पांच सदस्यों को शामिल किया गया है। पूरे जिले में 50 से अधिक निगरानी समितियों का गठन किया गया है, जो धान खरीदी व्यवस्था, तौल प्रक्रिया, किसानों की समस्याओं एवं व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करेंगे।



# महोत्सव में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों की शानदार प्रस्तुति से महल होगा गुलजार

## तीन साल बाद लौटेगी खैरागढ़ महोत्सव की रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संगीत नगरी में तीन साल बाद एक बार फिर से महोत्सव की रौनक लौटने जा रही है। इंदिरा कला संगीत विवि में तीन दिवसीय खैरागढ़ महोत्सव का आगाज 19 नवंबर से पारंपरिक संगीत, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों से होगा। महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति का शानदार प्रदर्शन होगा, जिसमें विवि के छात्र-छात्राओं की कला भी प्रदर्शित की जाएगी।

संगीत विवि सभाकक्ष में कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा ने महोत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस दफे महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगी। अमेरिका के प्रो. बेंजामिन बून और लंदन के पं. संजू सहाय की प्रस्तुति दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। इसके अलावा पं. गौरीशंकर कर्मकार गोस्वामी (वृंदावन) उपशास्त्रीय गायन, हरीश तिवारी (दिल्ली) शास्त्रीय गायन, पं. बुधादित्य मुखर्जी (कोलकाता) सितार वादन, व्योमेश शुक्ला (दिल्ली) राम की शक्ति पूजा, शमा भाटे (पुणे) कत्थक नृत्य, सिराज अली खान (कोलकाता) सरोद वादन की प्रस्तुति देंगे। इसे अलावा जितेंद्र कुमार साहू व समूह बालोद के सोनहा बादर, पीसीलाल यादव व समूह गंडई द्वारा दूध मोंगरा के अलावा कविता वासनिक समूह राजनांदगॉव का सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुराग धारा भी आयोजित होगा।

### सांसद रहेंगे दूसरे दिन मुख्य अतिथि

महोत्सव के दूसरे दिन 20 नवंबर को सासंद संतोष पांडेय मुख्य अतिथि, कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा कार्यक्रम अध्यक्ष और नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, राजा आर्यव्रत सिंह, मनीष पारख, अमित बरड़िया और हरीश चंद्र जैन के विशिष्ट आतिथ्य में पहले संगीत संकाय की प्रस्तुति होगी जिसके बाद पं हरीश तिवारी का शास्त्रीय गायन, पद्मभूषण बुधादित्य मुखर्जी को सितार वादन, राम की शक्ति पूजा की प्रस्तुति व्योमेश शुक्लाप व समूह द्वारा दी जाएगी अंतिम में दूध मोंगरा की प्रस्तुति होगी।



### संगीत से होंगे परिचित

खैरागढ़ महोत्सव इस बार सांस्कृतिक धरोहर, शास्त्रीय संगीत और नृत्य के लिए एक बेहतरीन अवसर साबित होगा। महोत्सव के माध्यम से देश और दुनिया छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और संगीत से परिचित होंगे। - **डॉ. लवली शर्मा,** कुलपति संगीत विवि

### सीएम करेंगे महोत्सव का उद्घाटन

महोत्सव का उद्घाटन 19 नवंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार और उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह भी मौजूद रहेंगे। पहले दिन संगीत विश्वविद्यालय के लोकसंगीत एवं कला संकाय की प्रस्तुति होगी। इसके बाद प्रो. बेंजामिन बून और कुलपति डॉ. लवली शर्मा द्वारा प्रतिध्वनि पूरब से पश्चिम तक का सांगीतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसी दिन अमेरिका के पं. गौरीशंकर कर्मकार का तबला वादन, उपशास्त्रीय गायन में वृंदावन के आस्था गोस्वामी और सोनहा बदर की प्रस्तुति, बालोद के जितेन्द्र कुमार साहू समूह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा

### राज्यपाल की मौजूदगी में होगा समापन

महोत्सव का समापन समारोह 21 नवंबर को राज्यपाल रमन डेका के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस दिन के कार्यक्रम में कुलपति डॉ. लवली शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक यशोदा वर्मा भी मौजूद रहेंगे। समापन समारोह के दौरान कोलकाता के उस्ताद सिराज अली खान का सरोद वादन, लंदन के पं. संजू सहाय का तबला वादन, पूणे की शमा भाटे का कत्थक नृत्य और कविता वासनिक समूह सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुराग धारा की प्रस्तुति देंगे।

# बिहार की जीत पर मना जश्न

- एनडीए की जीत पर भाजपाईयों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश भाजपा के निर्देश पर जिला मुख्यालय राजीव चौक में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की शानदार जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास साथ जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष डॉ बिसेसर साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर और आतिशबाज़ी कर खुशी का इजहार किया।

पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और मोदी है तो मुमकिन है के नारों से गूंज उठा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह जो स्वयं बिहार चुनाव प्रचार में सक्रिय रहे ने जीत को बिहार की जनता के विश्वास और मोदी सरकार के सुशासन की जीत बताया। उन्होंने कहा कि बिहार ने एक बार फिर लालू राज के अराजकता और भ्रष्टाचार को नकारते हुए विकास, स्थिरता और राष्ट्रीय हित के मार्ग को चुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस राष्ट्रहितकारी राजनीति जन-कल्याणकारी योजनाओं और विकास की गति को जन-जन तक पहुंचाया है उसी पर बिहार की जनता ने भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि बिहार की यह जीत केवल एक राज्य की विजय नहीं बल्कि देश के विकास राजनीतिक स्थिरता और प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प की जीत है। सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया और भविष्य में भी संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।



### विकास की असली धुरी भाजपा

पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि देश की जनता भलीभांति जान चुकी है कि भारत के विकास की असली धुरी भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सुशासन है। उन्होंने कहा कि जनता अब वादों से आगे बढ़कर परिणामों पर वोट दे रही है और परिणाम यह है कि मोदी सरकार ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान और नया अवसर दिया हैं। इस दौरान नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, टीके चंदेल, प्रकाश सिंह ठाकुर, शशांक ताम्रकार, गोरेलाल वर्मा, दिनेश वर्मा, शैलेन्द्र मिश्रा, अजय जैन, पुष्पा सिंदूर, मोनिका रजक, नीलीमा गोस्वामी, अनिल अग्रवाल, संदीप वैष्णव, अनुज देवांगन, शैलेन्द्र त्रिपाठी, विनय देवांगन, रूपेंद्र रजक, संजय शर्मा, पीताम्बर वर्मा, धर्मेन्द्र सांखला, आलोक श्रीवास, अयूब खान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### श्रमदान से मैदान की सफाई



**डोंगरगांव।** नगर पंचायत ने शनिवार को विशेष सफाई अभियान के तहत जन सहयोग मैदान में श्रमदान से सफाई किया। सफाई अभियान में अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पार्षद पदमनी ठाकुर, सीएमओ विनम्र जेमा, हरि मालेकर, नवनीत अहीर, प्रवेश ठाकुर आदि शामिल हुए।

### चुनाव में जीत पर मनाया जश्न



**साल्हेवारा।** बिहार में हुए चुनाव में एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक जीत से इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई। जीत की खुशी में स्थानीय बस स्टैंड में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाज़ी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुहन साहू ने कहा कि यह जीत विकास, सुशासन और स्थिरता को मजबूत करती है।

### कैलाश शर्मा के निवास पहुंचे सांसद



**खुज्जी।** जिला भाजपा के प्रवक्ता कैलाश शर्मा के निवास स्थान पहुंचे सांसद संतोष पांडेय, अंजू त्रिपाठी, जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू ने प्रेमलता शर्मा के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात किया।

### शिविर में 75 के स्वास्थ्य की जांच

**जालबांधा।** नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में रेड रिबन क्लब ने स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के दल ने रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, एचआईवी, हेपटाइटिस एवं रक्त समुह की जांच किया। डॉक्टरों ने विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स से बचाव के उपाय, संतुलित आहार, स्वच्छता और नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी। मल्टीविटामिन और आयरन की दवाइ का वितरण किया गया। शिविर में लगभग 75 प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य जांच कराया। शिविर का संचालन डॉ नवीन सिंह राजपूत एवं पूजा देवांगन ने किया।




### नहीं बन रहा जाति प्रमाण पत्र

**डोंगरगढ़।** जाति प्रमाणपत्र बनाने में आ रही दिक्कतों को लेकर मानव कल्याण संगठन ने पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया बंद होने से अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ावर्ग के लोग परेशान हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में प्रशासन द्वारा प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया को सरलीकृत किया था, जिसके तहत कई लोगों को प्रमाणपत्र मिले थे, परंतु फिलहाल यह प्रक्रिया बंद होने से जरूरतमंदों को प्रमाण पत्र के लिए भटकना पड़ रहा है। पालिका अध्यक्ष डोंगरे ने प्रतिनिधियों को समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इस विषय पर अधिकारियों से चर्चा की जाएगी और जारी करने में आने वाली अड़चनों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

### सोसाईटियों में नहीं हो सकी धान की खरीदी

**डोंगरगढ़।** सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल के चलते 15 नवंबर को धान खरीदी शुरू नहीं हो सकी। राज्य सरकार ने धान खरीदी के लिए विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाया था। किसानो ने धान बेचने के लिए टोकन भी लिया था किन्तु धान खरीदी होना तो दूर कई सोसायटियों में तैयारी भी नहीं दिखाई दी। अधिकारियों ने बताया कि पहले दिन तराजू बांट की पुजा अर्चना की गई। सोमवार से ही धान खरीदी की शुरूवात होगी।



## सार समाचार

### नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल में बाल मेला आयोजित

**राजनांदगांव।** 14 नवंबर बाल दिवस पर नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग में विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेला का आयोजन किया गया।



इसमें बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया एवं इस आयोजन के सहभागी बने। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉयरेक्टर नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि इस आधुनिक विज्ञान का उपयोग मानव जाति सहित सभी जीवों के उत्थान हेतु करें। बाजपेयी ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की एवं बच्चों के पालकों एवं सहयोगी शिक्षकों का आभार जताया। इस प्रदर्शनी में साइंस, मैथ्स, हिन्दी, इंग्लिश सहित सभी विभागीय विषयों पर मॉडल तैयार किए गए एवं क्रमवार पालकों को समझाया व उनके जिज्ञासु प्रश्नों के जवाब आसानी से देकर बताया गया, जिसे पालकों ने बहुत सराहा। कार्यक्रम में डायरेक्टर रेणु बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य आरती पिल्लई, वैशाली सिंग सहित स्कूल के शिक्षकगण सहित स्टाफ ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया। उक्त जानकारी स्कूल प्रशासक ने दी।

### सनसिटी व कंचनबाग क्षेत्र से पकड़े गए 7 मवेशी

**राजनांदगांव।** मवेशी धरपकड़ के लिए नगर निगम की गठित टीम शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर घुमंतू



एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। साथ ही प्रतिदिन रात्रि में टीम मेन रोड एवं मुख्य चौक-चौराहों में बैठे मवेशियों को हकालने का काम भी करती है। शुक्रवार को सनसिटी व कंचनबाग क्षेत्र से 7 घुमंतू मवेशियों की धरपकड की गई। मवेशियों को रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है, जहां उन्हें मंडी से बचे फल व सब्जी का पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। गुरुवार को तुलसीपुर, चिखली क्षेत्र से 6 मवेशी पकड़े थे। इसके अलावा निदान 1100 में किए शिकायत तथा अन्य शिकायतों पर भी मवेशी पकड़कर निराकरण किया जाता है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कन्हारपुरी कांजी हाउस का निरीक्षण कर पर्याप्त चारा-पानी रखने एवं आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिए।

आयुक्त विश्वकर्मा द्वारा घुमंतू मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक-चौराहों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है तथा रात्रि में मेन रोड व मुख्य चौक-चौराहों में बैठे व घूमते मवेशियों को हकालने का काम कर रही है। शुक्रवार की कार्रवाई में सनसिटी एवं कंचनबाग क्षेत्र से 7 घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया।

### बैगा ग्रुप ने शर्मा का किया सम्मान

**राजनांदगांव।** बैगा ग्रुप राजनांदगांव द्वारा अपने वरिष्ठ सदस्य व ठा.प्यारेलाल सिंह शा.पूर्व मा.शाला राजनांदगांव में 40 वर्ष की सेवा पूर्ण



करने वाले शिक्षक गणेश प्रसाद शर्मा को सेवानिवृत्त होने पर एक समारोह आयोजित कर भावभीनी बिदाई दी गई। समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक शर्मा का सर्वप्रथम बैगा ग्रुप के मुखिया राजेश मारु, मितान ग्रुप से जुड़े विरेन्द्र बहादुर सिंह, आलोक जोशी, बलविंदर सिंह भाटिया, संजय खंडेलवाल, लीलाधर सिंह, विवेक रंजन सोनी, राजेश सोनी, पंकज महेश्वरी, योगेश टुक्का, विनोद यादव, पंकज शर्मा, संतोष नामदेव, हिम्मत सिंह पवार, बाबा पंसारी व ज्ञानचंद ने तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ व पुष्पमाला से स्वागत किया। तत्पश्चात राजेश मारु व साथियों द्वारा शाल, श्रीफल, ब्लेजर पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री मारू ने कहा कि गणेश प्रसाद शर्मा अपने शासकीय सेवा में शिक्षकिय कार्य करते 1 नवंबर 1985 से सेवा प्रारंभ कर 31 अक्टूबर 2025 को 40 वर्षों के सेवा सफलतापूर्वक करते सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग के अलावा शासन प्रशासन के कार्यों को पूरी ईमानदारी से निभाया है। वे राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के अलावा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता, रानी सूर्यमुखी देवी ऑल इंडिया टुर्नामेंट एवं भारत आस्ट्रेलिया के बीच खेले गए हॉकी प्रदर्शन मैच व रणजी ट्राफी क्रिकेट मैच के आयोजन में हमेशा बढ़-चढ़कर सहयोग करते रहे हैं। विरेन्द्र बहादुर सिंह ने भी अपने विचार रखे। अंत में आभार प्रदर्शन आलोक जोशी ने किया।

### पुलिस कर्मियों ने किया दुर्व्यवहार, लाईन अटैच

**राजनांदगांव।** दो पुलिस कर्मियों द्वारा आम लोगों से दुर्व्यवहार किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के मामले को गंभीरता से लेते पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई कर लाईन अटैच कर दिया है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार 14 नवंबर को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें प्रथम दृष्टया प्रधान आरक्षक राणा प्रसन्ना एवं आरक्षक गौरव शेंडे थाना डोंगरगढ़ आम जनता के साथ अभ्रद व्यवहार करते हुए दिखे, जिसे गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने तत्काल प्रभाव से लाईन अटैच कर दिया है।

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की किसानों से चर्चा

# भानपुरी में पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज राजनांदगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र भानपुरी में इलेक्ट्रानिक कांटा बाट मशीन में धान का बारदाना रखकर पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किसानों को फूल-माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह धान खरीदी केन्द्र में धान की बिक्री के लिए पहुंचे किसानों से रूबरू हुए। उन्होंने किसानों से खेती-किसानी के संबंध में चर्चा की और किसानों को धान विक्रय के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, सुमित उपाध्याय, भावेश बैद, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी, केन्द्रीय सहकारी समिति के सीईओ श्री सोनी सहित सहकारी समितियों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।



#### खरीदी की दी जानकारी

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिले में शुरू की गई धान खरीदी के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि जिले में सभी 96 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जाएगी। धान खरीदी हेतु इस वर्ष 1 लाख 28 हजार 410 कृषकों का पंजीयन किया गया है। सभी उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में बारदाने उपलब्ध हैं। धान खरीदी के लिए मानव संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। धान खरीदी हेतु टोकन जारी किया जा रहा है। किसान टोकन के माध्यम से प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक धान ब्रिकी कर सकते हैं।

#### किसानों के लिए की गई पर्याप्त व्यवस्था

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत आज से पूरे प्रदेश में धान खरीदी की शुरूआत हो रही है और प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक धान खरीदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों को धान का वाजिब कीमत देने, समय पर खरीदी करने, समय पर उठाव करने तथा अन्य कार्यों के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के संबंध में किसी भी तरह की समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

# पुलिस का काम्बिंग गश्त कई संदिग्धों से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस चौकी चिखली क्षेत्र में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान कई संदिग्धों की पूछताछ की गई। वहीं असामाजिक तत्वों की जांच की गई। इस दौरान हड़कंप की स्थिति रही।



अभियान पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में कॉम्बिंग गश्त का रात्रि 10 बजे से 01 बजे तक संचालित किया गया।

#### वाहनों की जांच

चिखली, खैरागढ़ रोड एवं महावीर चौक में वाहनों की जांच की गई। जिसमें एक वाहन चालक को शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। 3 राजपत्रित अधिकारी एएसपी राहुल देव शर्मा, डीएसपी तनुप्रिया ठाकुर, डीएसपी ऑप्स अम्ब्रोस कुजुर और 7 इंस्पेक्टर सहित कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, चिखली चौकी एवं रक्षित केन्द्र के 50 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी अभियान में शामिल रहे।

#### 15 गुंडा-बदमाशों की चेकिंग

पुलिस के इस अभियान की शुरूआत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ब्रीफिंग से हुई, जहां पुलिस बल को 3 टीमों में विभाजित कर क्षेत्र में रवाना किया गया। पुलिस का कॉम्बिंग गश्त शहर के शंकरपुर, गौरीनगर एवं बजरंगपुर नवागांव क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, गुंडा-बदमाशों एवं निगरानीशुदा तत्वों की सघन जांच की गई।कॉम्बिंग गश्त का रात्रि 10 बजे से 01 बजे तक अभियान के दौरान 15 गुंडा-बदमाशों की चेकिंग की गई तथा कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

## मोहल्ले में हथियार दिखाकर डराया, पुलिस ने किया गिरफ्तार

- लोहे का तलवारनुमा हथियार जब्त

**राजनांदगांव।** मोहल्ले में लोगों को हथियार दिखाकर डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लोहे का तलवारनुमा हथियार जब्त किया है।

क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 15 नवंबर को गौरीनगर स्कूल मैदान में एक व्यक्ति द्वारा हथियार लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने की पुलिस को सूचना मिली।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

सूचना पर पुलिस ने आरोपी मनिष राम साहू 22 साल गौरीनगर को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक नग लोहे का तलवारनुमा हथियार जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## विहिप, बजरंग दल ने मनाया भगवान बिरसा मुंडा जयंती...




**राजनांदगांव।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर महावीर चौक स्थित जिला कार्यालय में बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा पाठ किया गया। इस आयोजन में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों के साथ ही गोंडवाना समाज के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। जिसमें प्रमुख रूप से नंदूराम साहू, एमडी ठाकुर, अरुण गुप्ता, अनुप श्रीवास, नीलकंठ गढ़े, पुष्पेंद्र, बाबा बौद्ध, राहुल, बलदेव मिश्रा, अंशुल कसार, मोहित यादव, गौरव शर्मा, भोला वर्मा, राहुल ताम्रकार, प्रणय मुल्लेवार, प्रतीक ग्रेवाल, हिमांशु साहू, कोविद यादव, सारंग ताम्रकार, लकी शर्मा, सागर यादव, ईशान पित्रोडा, शुभांशु नाविक आदि उपस्थित थे।




**राजनांदगांव।** नीरज पैरेन्ट प्राईड बल्देवबाग में बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 2 की छात्रा यशिता देवांगन पिता जितेंद्र देवांगन ने वायु प्रदूषण पर आधारित मॉडल का प्रदर्शन किया।

## बाल दिवस पर रमन ने बच्चों को दी हॉकी स्टिक

**राजनांदगांव।** बाल दिवस के अवसर पर राजनांदगांव के बच्चों के लिए यह दिन बेहद खास रहा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की उपस्थिति में बच्चों को हॉकी स्टिक उपहार में प्रदान की गई। इस पहल ने बच्चों में खेल के प्रति उत्साह और नई ऊर्जा का संचार किया। डॉ. सिंह ने खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक भेंट करते बच्चों को मिठाई खिलाया और भोजन करवाया।

इस अवसर पर डॉ. रमन ने रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी की आधिकारिक प्लेयर्स जर्सी का भी अनावरण किया। बाल दिवस में बच्चों ने स्पीकर हाउस का भ्रमण किया और विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर विशेष उत्साह और रोमांच का अनुभव



किया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा और उत्साह को और बढ़ा दिया।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव में विश्वस्तरीय खेल अधोसंरचना विकसित की है। वे खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। बच्चों को कम उम्र में ही उच्च गुणवत्ता की खेल सामग्री उपलब्ध कराना उनका खेलप्रेम दर्शाता है। समाजसेवी सुनील साहू ने डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त करते कहा कि चिखली मैदान में अभ्यासरत सभी खिलाड़ियों को जर्सी और सॉक्स निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मृणाल चौबे के मार्गदर्शन में यहां के खिलाड़ी मेहनत कर खेलो इंडिया तथा भारतीय खेल प्राधिकरण जैसी संस्थाओं में चयनित होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष विष्णुनंद चौबे, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी पप्पू यादव और पंकज भी उपस्थित रहे।

### संचालक पर 1 लाख 80 हजार का अर्थदंड

**राजनांदगांव।** न्यायालय अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी राजनांदगांव द्वारा मिथ्या छाप खाद्य प्रकरण पर सुनवाई करते मेसर्स समरस इंडस्ट्रीज ग्राम कोपेडीह के संचालक भवदीप सिंह पर 1 लाख 80 हजार रुपए अर्थदंड लगाया है। उल्लेखनीय है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का उल्लंघन के तहत खाद्य पदार्थ पोपो एक्वा पैकेजड ड्रिंकिंग वाटर 250 एमएल (पैक्ड) का नमूना मिथ्या छाप स्तर विक्रय करने तथा बिना वैध एफएसएसएआई अनुज्ञापित व पंजीयन के कारोबार करने के कारण मेसर्स समरस इंडस्ट्रीज ग्राम कोपेडीह के संचालक भवदीप सिंह पर 1 लाख 80 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## राजपूत समाज की डोंगरगांव में बैठक आज

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादह पं क्र. 1282 की बैठक कल 16 नवंबर को दोपहर 12 बजे से अंबेडकर भवन नया बस स्टैंड डोंगरगांव में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता महासभा कोषाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी नीरज सिंह क्षत्रिय करेंगे।

बैठक में मुख्य बिंदु विषय महासभा का वार्षिक महाअधिवेशन राजनांदगांव जोन में होना है। उसकी तैयारी और रूपरेखा के संबंध में चर्चा, अधिवेशन के लिए संयोजक-सह-संयोजक के बारे में चर्चा, अधिवेशन में अतिथि निर्धारण के संबंध पर चर्चा, जोन स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं कैरियर गाइडेंस के विषय पर चर्चा, जोन प्रभारी अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा महासभा के प्रचार सचिव एवं जोन प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिंह, जोन के सभी अध्यक्ष, सचिव पूर्व महासभा पदाधिकारी तथा उप समिति पदाधिकारी वरिष्ठजन, महिला मंडल युवा मंडल पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी केन्द्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

## कथावाचक की टिप्पणी के खिलाफ घेरा एसपी दफ्तर

**राजनांदगांव।** एक कथावाचक द्वारा अपने कथा के दौरान सतनामी समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कथावाचक की गिरफ्तारी की मांग करते सतनामी समाज के लोगों ने एसपी कार्यालय का घेराव किया।

सतनामी समाज द्वारा कथावाचक पंडित आसुतोष चैतन्य के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर आज सतनाम भवन से रैली निकाली गई और एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया।



#### कथावाचक गिरफ्तार

सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक ने बताया कि बिलासपुर पुलिस से संपर्क कर कथावाचक के गिरफ्तार होने की जानकारी समाज के लोगों को दी गई है। कथावाचक के गिरफ्तार होने की सूचना के बाद ही समाज के लोग एसपी दफ्तर से वापस लौटे।

#### समाज के लोग हुए आहत

जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष युवराज दास ढीरहेर ने कहा कि कथावाचक आसुतोष चैतन्य द्वारा तखतपुर क्षेत्र के टोहीउबरी के पास रामनगर टिकरीपारा में भागवत कथा के दौरान सतनामी समाज पर अपमानजनक टिप्पणी की। सतनामी समाज को मूर्ख एवं गाय काटने वाला समाज कहकर अपमानित किया गया है। जिससे सतनामी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि समाज को कमजोर न समझा जाए। अगर कथावाचक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो समाज के लोग उग्र अंदोलन करेंगे।

# आदिवासी समाज ने निकाली रैली, अधिकारों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर एक तरफ जहां जनजाति गौरव दिवस मनाया जाता रहा। वहीं दूसरी तरफ अदिवासी समाज द्वारा अपने अधिकारों के लिए संघर्ष किया गया। सर्व आदिवासी समाज द्वारा अपनी अस्मिता, अधिकार और पहचान के लिए जनजागृत अभियान के तहत 14 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली निकाली गई। वहीं कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

#### अधिकारों से वंचित आदिवासी

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जसवंत गावड़े ने कहा कि देश के मूल निवासी आदिवासी आजादी के 79 साल बाद भी अपने अस्मिता, संवैधानिक अधिकार और संस्कृति की पहचान से वंचित है, इसलिए अमर शहीद बिरसा मुंडा की जयंती को जनजागृति अभियान के रूप में मनाते हुए प्रदेशभर में प्रदर्शन किया गया है।

#### भारत रत्न देने की मांग

सर्व आदिवासी समाज ने अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते कहा कि आदिवासियों को वनवासी, जनजाति संबोधन करना बंद किया जाए। आदिवासी समाज के शहीदों, महापुरूषों एवं पुरखों को वनवासी और जनजाति बोलकर अपमानित करते हैं। जबकि वे देश के आजादी के लिए लड़े हैं, वे सब भी राजा, दिवान, जमींदार थे। अमर शहीद बिरसा मुंडा को राष्ट्रीय गौरव घोषित भारत रत्न दिया जाए।



#### ट्रस्ट को भंग करने की मांग

आदिवासी समाज ने अपनी रैली के दौरान कहा कि आदिवासियों के पारंपरिक आस्था के स्थलों को सुरक्षित करें। डोंगरगढ़ में आदिवासियों के आस्था स्थल बमलाई दाई (बम्लेश्वरी मां) में गोंड आदिवासियों को अपने परंपरागत एवं रीति-रिवाज से पूजा करने से गैर वैधानिक रूप से बना ट्रस्ट द्वारा वंचित किया जा रहा है। ट्रस्ट को भंग कर गोंड आदिवासियों को दिया जाए।

#### अलग जातीय कॉलम की मांग

आदिवासी समाज द्वारा आगामी जनगणना में देश के लगभग 16 करोड़ आदिवासियों के लिए अलग धर्म, आदिवासी कॉलम दिया जाए। सर्केगुडा, ताड़मेटला, एडेस्मेटा, सिलेगर, मुतवेंडी में निर्दोष आदिवासियों को मारा गया। जिसका आज तक न्याय और मुअवाजा नहीं मिला एवं दोषियों पर कार्रवाई हो और न्यायिक जांच सार्वजनिक किया जाए। आगामी परिसीमन में आदिवासियों के लिए विधानसभा और लोकसभा के सीटों में वृद्धि किया जाए और पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों में सभी सीट आदिवासियों के लिए आरक्षित करें। जंगल की अवैध कटाई बंद हो एवं लीज में देना बंद करें। हसदेव उत्खनन में अवैध जंगल कटाई रोका जाए। इसके साथ ही आदिवासी समाज ने अपनी कई अन्य प्रमुख मांगे रखी है। रैली के दौरान अनुसूचित जनजाति कर्मचारी जिला संघ अध्यक्ष लेखराम मात्र, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा सुशिला नेताम, सर्व आदिवासी समाज के जिला सचिव राहुल, अंजना मिंज, ललित कुमरे, प्रहलाद उईके, कंचन तारम सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।



**खबर संक्षेप**

### बदना स्कूल में पदस्थ शिक्षक की मौत

**कवर्धा।** कुकदूर शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल बदना में पदस्थ शिक्षक मनोज कुमार नागवंशी अपने कुकदूर स्थित किराए के मकान में मृत पाए गए। वे 2011 से शिक्षाकर्मी वर्ग-2 के पद पर सेवाएं दे रहे थे। जानकारी के अनुसार, मनोज नागवंशी कुई में आयोजित जोन स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता में लगातार पहले और दूसरे दिन ड्यूटी पर उपस्थित रहे। लेकिन समापन दिवस पर वे नहीं पहुंचे। इसके बाद सहकर्मियों को चिंता हुई। शुक्रवार सुबह दरवाजा खोलने पर सोफे पर बैठे अवस्था में मृत पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही कुकदूर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मनाई गई गजानन माधव मुक्तिबोध जयंती

**स.लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में गत दिनो गजानन माधव मुक्तिबोध जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक विवेक चौहान ने की। उन्होंने मुक्तिबोध के जीवन चित्रण व उनकी प्रेरणादायक उपन्यास कहानी कविता इत्यादि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्रवाई : पुलिस की सतर्कता से जिला सहकारी बैंक में चोरी का बड़ा प्रयास विफल

# कुण्डा बैंक में चोरी करते आरोपी रंगे हाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा/कवर्धा

कुण्डा पुलिस के गस्ती दल की सक्रियता के चलते स्थानीय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में चोरी की बारदात को अंजाम देने की जुगत भिड़ा रहे एक आरोपी को पुलिस ने बारदात के पूर्व ही दबोचने में सफलता हांसिल की है। गिरफ्तार में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है और अब उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की दरमियानीरात करीब 2.00 बजे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा कुण्डा में चोरी का प्रयास करने वाले एक व्यक्ति को थाना कुण्डा की तत्परता से रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पुलिस की सक्रिय गश्त और संदेहास्पद परिस्थिति पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से बैंक की तिजोरी और सुरक्षा व्यवस्था को बड़ा नुकसान होने से बचा लिया गया। बताया जाता है कि रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान आरक्षक संजय मेरावी और आरक्षक जितेन्द्र जायसवाल नियमित गश्त कर रहे थे।

इसी दौरान उन्होंने देखा कि बैंक की लाइटें बंद हैं और मुख्य भवन के अंदर अंधेरा है, जो अत्यंत संदिग्ध प्रतीत हुआ। दोनों ने तत्काल इसकी सूचना थाना कुण्डा के अन्य स्टाफ को दी। पेट्रोलिंग टीम की यही सतर्कता आगे की पूरी कार्रवाई का मुख्य कारण बनी। आरक्षकों की सूचना पर एसआई जयराम यादव, एचसी भोला यादव, राखेलाल सोनकर, अरुण बघेल, विवेक प्रताप सिंह, सी सुराज नेताम और जयंत पटेल सहित कुण्डा पुलिस की टीम तुरंत बैंक पहुंची। इसी बीच ग्रामीण भी पहुंचे और पता चला कि एक व्यक्ति बैंक के बरामदे के चैनल गेट के ऊपर से कूदकर अंदर घुस चुका है और भीतर से आवाजें आ रही हैं। मौके पर जांच करने पर पाया गया कि आरोपी ने बैंक के मुख्य दरवाजे के ताले तोड़ दिए थे, भीतर की लाइटें बंद कर दी थीं और सीसीटीवी कैमरे की दिशा बदल दी थी। आरोपी ने अंदर से दरवाजा बंद कर रखा था। पुलिस और ग्रामीणों की घेराबंदी के बाद आरोपी बाहर निकला, जिसे तुरंत पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लवलेश निर्मलकर पिता माधव निर्मलकर, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम बीजाभाठा थाना कुण्डा बताया। जिसे पुलिस ने चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

## लॉकर रूम के तीन ताले तोड़ तिजौरी तोडने की कर रहा था तैयारी



बैंक के अंदर निरीक्षण में पाया गया कि आरोपी ने लॉकर रूम के तीन ताले तोड़ दिए थे और तिजोरी में रखी नकदी को चोरी करने की तैयारी में था। मौके से ग्राइंडर मशीन का टूटा पत्ती का टुकड़ा और चोरी की नीयत से लाया गया औजारों का बैग बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले में रात्रि के समय आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए सभी थाना प्रभारियों को पूर्व से ही सतत निगरानी, सघन गश्त और संदेहास्पद परिस्थितियों पर तुरंत कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। पेट्रोलिंग टीम ने इन्हीं निर्देशों के तहत सतर्कता दिखाते हुए वारदात को समय पर रोक लिया। रात में गश्त के दौरान किसी भी संदिग्ध हरकत को हल्के में न लेने के निर्देश दिए गए थे। कुण्डा थाना ने उसी का पालन करते हुए तुरंत प्रतिक्रिया दी, जिससे बैंक की सुरक्षा व्यवस्था को बड़ा नुकसान होने से बचाया गया और आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कुण्डा में अपराध दर्ज कर लिया गया है और उससे विस्तृत पूछताछ जारी है। प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### लॉकर व ताला तोड़ने के औजार साथ लेकर आया था आरोपी

पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी कुण्डा में संचालित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में चोरी करने सुनियोजित ढंग से आया था। वह अपने साथ लॉकर तथा ताला लोड़ने के औजार साथ लेकर आया था। जिससे उसने तीन ताले बड़ी आसानी से तोड़ भी दिए थे लेकिन जिस समय वह तिजौरी तोड़ने की तैयारी कर रहा था उसकी समय पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से बड़ी संख्या में औजार तथा एक मोअर सायकल भी बरामद की है।



## धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन

- उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कार्यक्रम में रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर आज पीजी कॉलेज डोम में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर देशभर के जनजातीय समुदाय को संबोधित किया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने की। मुख्य अतिथियों ने भगवान बिरसा मुण्डा के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से अपने उद्बोधन में जनजातीय समाज के समृद्ध इतिहास, शौर्य, संस्कृति, लोक कला और राष्ट्र निर्माण में उनकी अद्वितीय एवं अभूतपूर्व भूमिका को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति में जनजातीय समाज का योगदान सदैव प्रेरणास्त्रोत रहा है। भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती को भारत सरकार द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि देश उनकी वीरता, बलिदान और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को याद रखे और जनजातीय समाज की विकास यात्रा को सशक्त दिशा मिले। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने स्टॉलों में प्रदर्शित योजनाओं, उत्पादों और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली और विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। प्रदर्शनी में जनजातीय समाज की परंपराओं, कलात्मकता, आजीविका से जुड़े उत्पादों और शासकीय योजनाओं की उपलब्धियों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया।

### विभिन्न स्थानों में प्रतिमा स्थापना की घोषणा

उपमुख्यमंत्री ने रेंगाखर, कवर्धा एवं विभिन्न स्थानों में भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा स्थापना की घोषणा की। इस अवसर पर जनजातीय समाज द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति, नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं और महिलाओं का सम्मान किया गया। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी। कृषकों को मसूर मिनी किट प्रदान किया गया। जनजातीय गौरव दिवस पर बढ़ी संख्या में जनजाति समाज के लोग शामिल हुए और उन्होंने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को गर्व के साथ प्रस्तुत किया। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और उनके संघर्षों को याद किया गया।

## खरीदी के पहले दिन धान बेचने पहुंचे किसानों का केंद्रों में हुआ स्वागत

### अधिकारियों की निगरानी में हुई खरीदी



- तौल तराजू की पूजा कर पूरी की गई शुभारंभ औपचारिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश सहित जिले की कृषक सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर बीते कई दिनो से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल शासन-प्रशासन समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए निर्धारित 15 नवम्बर तक समाप्त नहीं करा पाई। जिसका व्यापक असर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पहले ही दिन जिलेभर की सेवा सहकारी समितियों में देखने को मिला।

आलम ये था कि समितियों में प्रशासन द्वारा की गई तथा कथित वैकल्पिक व्यवस्था भी पूरी तरह से फेल नजर आई नतीजतन अधिकांश समितियों में पहले दिन धान का एक दाना भी नहीं खरीदा जा सका। खबर के मुताबिक सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते जहां अधिकांश समितियों में ताला लटका रहा तो कुछ में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व समिति के अध्यक्षों में तौल तराजू की विधिवत पूजा अर्चना कर समर्थन मूल्य में धान खरीदी के शुभारंभ की औपचारिता भर पूरी की। जानकारी के मुताबिक बोड़ला धान खरीदी केन्द्र में प्रशासन द्वारा नियुक्त कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचा और समिति ताला लटका रहा यहां तक बोड़ला समिति में साफ-सफाई तक नहीं हो पाई है।

इसी तरह विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम कोको समिति की बात की जाए तो यहां आज किसी का धान ही नहीं आया. क्योंकि टोकन नहीं कटा था। बताया जाता है कि कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से अभी तक यहां बारदाना का भण्डारण पूरा नहीं हो पाया है।

ग्राम कोलेगांव में समिति के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों द्वारा जरूर समिति का ताला खोलकर तौल तराजू की पूजा अर्चना कर औपचारिकता पूरी की गई। कुल मिलाकर जिलेभर की समितियों में सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल का व्यापक असर पहले दिन से ही दिखाई देने लगा है।

### प्रशासन की वैकल्पिक व्यवस्था फेल

यहां बताना लाजिमी होगा की प्रदेश सहित जिलेभर की सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारी अपनी दस सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर बीते कई दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है और प्रदेश की राजधानी रायपुर में धरना दे रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इतने लम्बे अंतराल के बीच भी शासन इन हड़ताली कर्मचारियों के साथ सामंजस्य नहीं बैठा पाई। जिसके चलते आज समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए शासन द्वारा घोषित 15 नवम्बर की तिथि में धान खरीदी नहीं हो पाई। समिति कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त कराने की बजाए शासन-प्रशासन द्वारा खरीदी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर जोर दिया गया और दावा किया गया कि जिले की सभी समितियों में अधिकारियों की ड्युटी लगाकर 15 नवम्बर से खरीदी प्रारंभ कर दी जाएगी। लेकिन वास्तविकता ये है कि प्रशासन का यह प्रयास पूरी तरह से असफल साबित हो रहा है।

## समिति में तौल तराजू की पूजा अर्चना...

**कोदवागोडान।** आदिमजाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोदवागोडान पंजीयन क्रमांक 2241 में धान खरीदी का शुभारंभ 15 नवम्बर को समिति प्रबंधक गौरव परिमल, समिति अध्यक्ष राजेंद्र साहू, पत्रकार रविनंदन पाण्डेय, स्वारथ साहू जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 06 एवं समिति के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। वहीं सरईसेत धान खरीदी केंद्र में आज की स्थिति में धान खरीदी का शुभारंभ नहीं हो सका है। जहां कल की स्थिति में आनन फानन में अन्य विभागों से शासकीय सेवकों को प्रभारी एवं नए आपरेटरो की नियुक्ति की गई है बताया जाता है कि यहां समिति कर्मचारियों की हड़ताल के चलते पूर्व तैयारियां नहीं होने से आज शुभारंभ नहीं हो सका है।



## बाल दिवस व एफएलएन मेले का आयोजन

**कवर्धा।** जिले के लोहारा ब्लॉक अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला टाटीकसा में बाल दिवस के पावन अवसर पर बच्चों के सीखने और मनोरंजन को समर्पित एक विशेष एफएलएन मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच संगीता अशोक साहू के द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। बाल दिवस को यादगार बनाने के लिए, विद्यालय परिवार ने बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। सभी बच्चों को गुलाल लगाकर उनका अभिनंदन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। वही सरपंच ने इस आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी। एफएलएन मेले के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान सिखाने के लिए विभिन्न रचनात्मक स्टॉल लगाए गए थे। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर उपसरपंच सावित्री साहू, पंच रामेश्वर रजक, रूप सिंह धुर्वे, प्रधान पाठक बलदेव साहू, शिक्षक कांति मरकाम, धनेश तुरकाने, नासिर ख़ान, आदि उपस्थिति रही।

## वन अधिकार कार्यक्रम : वनांचल के ग्रामों का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और शिखर युवा मंच के संयुक्त सहयोग से बोड़ला विकासखंड के 20 चयनित ग्रामों में चल रहे वन अधिकार कार्यक्रम की समीक्षा के लिए गत दिनो दो दिवसीय क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन के प्रतिनिधि मृगेंद्र ने शिखर युवा मंच (एसवाईएम) की फील्ड टीम के साथ मिलकर कुल 7 ग्रामों का भ्रमण किया, जिनमें 3 सीएफआर प्राप्त ग्राम कोटनापानी, कुकरापानी, भरतपुर तथा 4 लंबित सीआरएफ ग्राम लब्दा, छुही, बांटीपथरा और मुड़घुसरी शामिल थे। इस भ्रमण का उद्देश्य प्रगति, दस्तावेज़ीकरण, दावा प्रक्रिया और समुदाय की सहभागिता का प्रत्यक्ष आकलन करना था। भ्रमण में पाया गया कि सीआरएफ प्राप्त ग्रामों में समिति संरचनाएं मजबूत हो चुकी हैं और एसवाईएम टीम के सहयोग से ग्रामों में विकसित संदर्भ केन्द्रो में सीमांकन नक्शों, दावा फाइलों और बैठक कार्यवृत्तों का सुव्यवस्थित संधारण किया जा रहा है। भरतपुर, कोटनापानी और कुकरापानी के संदर्भ केन्द्र विशेष रूप से मॉडल रूप में उभरते दिखे। वहीं लंबित सीआरएफ वाले ग्रामों में दावा प्रक्रिया, सीमांकन और दस्तावेज अद्यतन से संबंधित मुद्दों पर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। एसवाईएम टीम के सहयोग से महिलाओं और युवाओं की बढ़ती भागीदारी, और सीड बॉल निर्माण, पौधा रोपण तथा लघु वनोपज आधारित आजीविका पहलों ने ग्रामों में सकारात्मक परिवर्तन की गति को और सुदृढ़ किया है। इस विषय को लेकर ग्राम बैजलपुर कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मृगेंद्र ने शिखर युवा मंच की टीम, उनकी पारदर्शिता, दस्तावेज़ीकरण पद्धति और समुदाय के साथ सतत संवाद की सराहना करते हुए इसे मॉडल रूप में प्रस्तुत करने योग्य बताया। इस अवसर पर शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने कहा एसवाईएम टीम का प्रयास केवल अधिकार दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि हम समुदाय में नेतृत्व, आत्मविश्वास और सतत विकास की मजबूत नींव खड़ी कर रहे हैं। आज ग्रामों में जो जागरूकता दिख रही है, वह हमारे सामूहिक प्रयासों की दिशा को प्रमाणित करती है।



छात्रों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना सब की जिम्मेदारी : प्राचार्य

## हाई स्कूल में सामाजिक जागरूकता और संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिक्षा केवल किताबों तक सीमित न रहे, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक रूप से जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाए, इसी उद्देश्य के साथ शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी शिक्षा के क्षेत्र में सतत कार्य कर रहे हैं। अपनी दूरदर्शिता और समर्पण के माध्यम से स्कूल परिसर को सामाजिक चेतना का केंद्र बना रहे हैं, जहां बच्चों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाया जा रहा है। उनके नेतृत्व में स्कूल में कई महत्वपूर्ण सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उनका विशेष ध्यान उन सामाजिक कुप्रथाओं और संवेदनशील मुद्दों पर है, जो हमारे समाज को खोखला कर रहे हैं। विद्यार्थियों को बाल विवाह और दहेज कुप्रथा जैसी बुराइयों के कानूनी, भावनात्मक और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया जा रहा है। उन्हें इन कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने और अपने समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी गहनता से काम किया जा रहा है। शौचालय के उपयोग और मासिक धर्म स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण किंतु अक्सर नजर अंदाज किए जाने वाले विषयों पर खुलकर चर्चा की जाती है। यह पहल न केवल विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि उन्हें सामाजिक वर्जनाओं को तोड़कर एक स्वस्थ और प्रगतिशील सोच अपनाने में भी मदद करता है। मासिक धर्म स्वच्छता के वैज्ञानिक पहलुओं और भ्रांतियों को दूर करने पर जोर दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को खुले में शौच से होने वाले नुकसान और शौचालय के नियमित उपयोग के महत्व को समझाया जा रहा है। पोषण जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को संतुलित आहार के महत्व से अवगत कराया जाता है, जिसका उद्देश्य उन्हें कुपोषण से दूर रखना और बेहतर शारीरिक विकास सुनिश्चित करना है। प्राचार्य डॉ. चन्द्रवंशी वंचित वर्ग के बच्चों के उत्थान पर भी विशेष बल देते हैं। स्कूल यह सुनिश्चित करता है कि हर बच्चे को समान अवसर मिले और शिक्षा के माध्यम से वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें। विद्यार्थियों को सिखाया जा रहा है कि वे अपने समाज में आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े बच्चों के प्रति संवेदनशील रहें। उन्हें सहयोग, सहानुभूति और समावेशी व्यवहार के महत्व को बताया जा रहा है, ताकि वे भविष्य में एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकें।



## प्राथमिक शाला में जागरूकता हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महिला थाना कवर्धा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला घोटिया में बाल सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

बच्चों को बाल विवाह की रोकथाम, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, ठगी होने पर 1930 हेल्पलाइन, पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, गुड टच, बैड टच, अभिव्यक्ति एप और यातायात नियमों के पालन जैसे मुद्दों पर जागरूक किया गया। उन्हें दैनिक जीवन में होने वाली संभावित जोखिमों के बारे में सरल भाषा में समझाया गया तथा सही समय पर जागरूकता और सतर्कता अपनाने की सलाह दी गई। विद्यालय की शिक्षिकाओं को भी महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, कानूनी अधिकारों और उपलब्ध सहायता तंत्र के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वे न केवल स्वयं जागरूक रहें बल्कि छात्राओं को भी सुरक्षित वातावरण प्रदान कर सकें। कार्यक्रम में महिला थाना कवर्धा प्रभारी निरीक्षक भुवनेश्वरी साहू, सहायक उप निरीक्षक देमन टेकाम, महिला आरक्षक रजनी टोप्पो, महिला आरक्षक रुकमणी मेरावी, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती निभा मिश्रा, शिक्षिका सीता चंद्रवंशी, वर्षा केसरवानी तथा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कबीरधाम पुलिस द्वारा बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### जलवायु परिवर्तन पर ग्लोबल एक्शन डे मना



**हरिभूमि कोलेगांव।** संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन जिसे कॉप 30 (कान्फ्रैंस ऑफ पार्टीज का 30 वां सत्र) से भी जाना जाता है। इसका आयोजन ब्राजील के बेलेम शहर में 10 से 21 नवम्बर तक मनाया जा रहा है। जिसमें पूरी दुनिया से 193 देश हिस्सा ले रहे हैं। शनिवार को ग्लोबल एक्शन डे के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें दुनिया भर में सभी लोग अपने-अपने जगह से इसके समर्थन में नारे, पोस्टर, सभा, रैली के रूप में अपनी-अपनी सहभागिता करेंगे। इसी के समर्थन में आदिवासी समता मंच के कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने कबीरधाम, कांकेर, रायगढ़, मेनपाट जिले की अलग-अलग पंचायतों से नारे-पोस्टर और सभा का आयोजन किया जिसमे सभी ने जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभाव पर अपनी बात रखी। अध्यक्ष इंदू नेताम ने कहा कि हमारा इको सिस्टम पूरी तरह से हिल गया है। हमारे देश में चारों तरफ (उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर) बे-मौसम बारिश, बाढ़, बादल फटना, पहाड़ खिसकना, की घटनाएं घट रही है। जंगली जानवर बाहर आबादी में आकर फसल और ग्रामीन की जान ले रहे हैं। एक बैगा आदिवासी ने कहा कि पहले हम कोंदों, कुटकी, रागी, खाकर स्वस्थ रहते थे। बुखार का भी हम पर कोई असर नहीं होता था, लेकिन अब कंट्रोल के चांवल खाकर हम कमजोर हो गए हैं। अब बिना डॉक्टर के हम ठीक नही हो पाते हैं। एक महिला ने कहा कि कोलमाइन्स के कारण हमें शुद्ध हवा नहीं मिल पा रही है। धान की फसल पर काली परत चढ़ गई है, पहले जंगल से पत्ता, मुखारी लाते थे अब धीरे-धीरे सब कुछ कम हो गया है। पानी में भी डस्ट है। पानी काला है। जलवायु परिवर्तन के कारण अतिवृष्टि, अनावृष्टि का सामना करना पढ़ रहा है। कंपनियों द्वारा नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण हवा, पानी, फसल, इंसान सभी प्रदूषण से अत्यधिक प्रभावित हो रहे हैं। इंसान, जानवर व प्रकृति सभी खतरे में है दिल्ली की विनिता ने दुनिया भर में हो रहे प्रदूषण के बारे में जानकारी दी। इस तरह सभी ने मिलकर ग्लोबल एक्शन डे पर अपना समर्थन दिया।

### शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में हर्षोल्लास के साथ बाल दिवस मनाया गया



**कवर्धा।** कवर्धा। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू की 136वीं जयंती पर बाल दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चाचा नेहरू बच्चों को बहुत स्नेह करते थे, उन्होंने बच्चों को देश के भविष्य के रूप में देखा और उनकी समृद्धि के लिए काम किया उनकी याद में 14 नवम्बर उनकी जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाते हैं इस अवसर के खुशी में बच्चों ने फैंसी ड्रेस, नृत्य, खेल, एफएलएन मेला और आनंद मेला का शानदार आयोजन किया गया, एफएलएन मेला में बच्चों ने हिंदी, अंग्रेजी और गणित के टीएलएम बनाए जिससे हिंदी के वर्णमाला, गिनती, गुणा, भाग, जोड़ व घटाव के महत्वपूर्ण संक्रियाएं अंग्रेजी अल्फाबेट से नाम लिखना, वेजीटेबल, फ्रूट्स की समझ करके सीखना, मूर्त और अमूर्त अवधारणाएं से बच्चों की सह संज्ञानात्मक साइको मीटर विकसित हुई साथ ही साथ आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और लगभग दस इंस्टॉल लगाए थे, जिसमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पकवान के साथ आधुनिक समय के विभिन्न प्रकार के व्यंजन थे, गुपचुप-चाट, आलू-गुंडा, पूरी, चना-चाट, मैगी, पास्ता, नूडल्स, बालू-साय, नड्डा, पापड़ी स्वयं निर्मित किए थे, जो भविष्य के लिए स्वलंबन की दिशा के दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा उपस्थित सभी व्यक्तियों ने बच्चों की इस कार्य कुशलता की काफी प्रशंसा किए और खरीदारी किए। जिससे बच्चों की चेहरे में भारी उत्साह थी, इस दिवस को यादगार बनाया प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन ने सभी बच्चों से केक कटवाएं, मिठाइयां बंटवाई और सभी बच्चों को पेन उपहार स्वरूप दिए। पूर्व माध्य माध्यमिक शाला प्रधान पाठक कपूर चंद्रवंशी, युगल साहू, कौशल खांडे, शिक्षिका भानुप्रिया साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दुखिया, सदस्य चुलेश्वरी, सुकृति, अमरिका, रेवती, राजकुमारी, राजवंतिन, मधु इंद्राणी, भोला साहू, मनोहर , सावत, दानी, धर्मेंद्र, करण, रसोइया रजन बाई, मोहित साहू, सरंपच कार्तिक साहू, जनप्रतिनिधिगण, संकुल समन्वयक रामसिंह साहू तथा सभी ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### प्राथमिक शाला गेगड़ा में एफएलएन मेला का आयोजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला गेगड़ा में शनिवार को एफएलएन मेले का भव्य आयोजन उत्साह और शिक्षण-नवाचार के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जहां बच्चों ने अपनी सीखने-समझने की क्षमता, रचनात्मकता और कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषा, गणित, पठन-लेखन, संख्याज्ञान तथा तर्क-क्षमता से जुड़े विभिन्न शिक्षण केंद्रों पर अपनी गतिविधियां प्रस्तुत कीं। हर कक्षा के बच्चों ने रोचक खेलों, मॉडलों, चार्टों और गतिविधि-आधारित शिक्षण सामग्रियों के माध्यम से यह दिखाया कि कैसे वे आधारभूत साक्षरता और संख्याज्ञान में पारंगत हो रहे हैं। शिक्षकों ने भी मेले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने-अपने विषयों से संबंधित नवीन शिक्षण विधियों का प्रदर्शन किया और अभिभावकों को यह समझाया कि घर पर बच्चों के सीखने को कैसे मजबूत बनाया जा सकता है। विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास से एफएलएन मेला अत्यंत सफल रहा। उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की प्रगति देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। यह आयोजन न सिर्फ बच्चों की सीखने की यात्रा का उत्सव था, बल्कि आधारभूत शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ। इस मेले के आयोजन का सबसे आकर्षण का केंद्र यह था कि इसमें सीखने वाले भी बच्चे थे और सिखाने वाले भी बच्चे ही थे। मेले में हिंदी, गणित और अंग्रेजी के लगे स्टॉल में बच्चे स्वयं से गतिविधि कर रहे थे और अवधारणा पर अपनी समझ बना रहे थे। इस मेले में ग्राम सरपंच गोविंद साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहन राजपूत, नन्दकुमार धुर्वे, नरोत्तम निर्मलकर, आस्था सिंह ठाकुर, रूखमणी निषाद, राधिका यादव, भानू साहू, राजेन्द्र दिवाकर, गब्बर सिंह महिलांग, नरेन्द्र ठाकुर, अजित यादव, प्रधान पाठक धनेश चतुर्वेदी, रोशन कुमार ओटी, वीरेन्द्र चंद्रवंशी, चुकेश्वर चंद्राकर सही बड़ी संख्या में ग्रामीण व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## समस्या : बाजार पसरा व पार्किंग से बढ़ी परेशानी, प्रशासन पर उठे सवाल

# शांति दीप कॉलोनी रास्ते में अवैध कब्जों का आतंक, कॉलोनीवासियों का सब्र टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शांति दीप कॉलोनी के निवासी पिछले कई वर्षो से अव्यवस्था, जाम और अराजकता के बीच जीने को मजबूर हैं। कॉलोनी का एकमात्र सीधा मार्ग, जो पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष के निजी निवास के ठीक बगल से गुजरता है, सब्जी विक्रेताओं के पसरा, अवैध पार्किंग और ट्रांसपोर्टरों के कब्जे की वजह से लगभग बंद हो चुका है। क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं, लेकिन प्रशासन अब तक मौन है।

कॉलोनीवासियों के अनुसार दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक स्थिति इतनी विकट रहती है कि चारपहिया वाहन तो दूर, मोटर सायकिल तक निकालना मुश्किल हो जाता है। किसी आपात स्थिति में एम्बुलेंस कॉलोनी के भीतर नहीं पहुंच सकेगी, यह सबसे बड़ी चिंता है। स्कूली बसें भी कॉलोनी में प्रवेश नहीं कर पातीं, जिससे बच्चों को मुख्य सड़क तक पैदल जाना पड़ता है। जिस पर स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग जाम रहने के कारण रोजाना विवाद, झगड़े और गाली-गलौज की नौबत आ जाती है। सभ्रांत परिवारों की महिलाओं को भी असुविधा और अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए शांति दीप कॉलोनी के सतविंदर पाहुजा, हरजीत सिंह सलूजा, सीने खुराना, हरदीप पाहुजा, वीरेंद्र छाबड़ा, प्रीतम चावला, सुशांत बाठिया, राजेश माखीजनी, रिंकल माटा, डॉ सतीश मोहोबिया, सतीश अग्रवाल, गुरमीत सिंह, लवी मुटरेजा, संजय सलूजा व योगेश जैन सहित कॉलोनीवासियों ने शासन-प्रशासन व नगर पालिका एवं मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए रास्ता को अवैध कब्जों को हटाने की मांग की।



**ज्ञापन व आवेदन के बाद भी ठोस कार्यवाही नहीं**

कॉलोनीवासियों का कहना है कि वे कई बार नगर पालिका, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक से लेकर मंत्री तक कई बार शिकायत, आवेदन और ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। जिस पर वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं मिला, तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

## पोंड़ी स्वामी आत्मानंद स्कूल में हजारों स्कूली छात्र छात्राओ को कराया गया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

स्वामी आत्मानंद स्कूल पोंड़ी में शनिवार को न्यौता भोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पहली बार जिले में एक साथ 1 हजार स्कूली छात्र छात्राओं ने न्यौता भोज किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, शाला विकास संबंधन समिति के अध्यक्ष वेद साहू तथा प्राचार्य एनके चंद्रवंशी द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से किया गया। पूजा-अर्चना उपरांत सभी छात्र छात्राओं ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ भोजन मंत्र के साथ जमीन पर बैठकर भोजन ग्रहण किया। बच्चों को दाल, चांवल, सब्जी, खीर और पूड़ी का भोजन परोसा गया। इस अवसर पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, एएसपी पुष्पेंद्र बघेल, चंद्रशेखर वर्मा, सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू, सांसद के निज सहायक संदीप ठाकुर, दिलीप श्रीवास्तव, विजय साहू, संतोष साहू, रवि निषाद, सौरभ सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ भोजन किया। शाला विकास संबंधन समिति के अध्यक्ष वेद साहू ने बताया कि जिले में पहली बार इतने बड़े स्तर पर 1 हजार विद्यार्थियों को सामूहिक रूप से न्यौता भोज कराया गया। कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिकों, शाला विकास समिति और स्कूल स्टाफ के सहयोग से भव्य आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## उपमुख्यमंत्री ने महराजपुर में किसानों का तिलक करते हुए श्रीफल भेंटकर धान खरीदी का किया शुभारंभ

- कबीरधाम जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी महापर्व का हुआ शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के बोड़ला विकासखंड स्थित महराजपुर धान उपार्जन केंद्र में शनिवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी महापर्व का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने परम्परागत रूप से तौल यंत्रों की पूजा-अर्चना कर, किसानों का तिलक करते हुए श्रीफल भेंट किया। उन्होंने खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत कर किसानों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी और किसान उपस्थित थे।

इस दौरान ग्राम कांपा के किसान भगत कौशिक से 36 क्विंटल धान का विक्रय किया गया। उप मुख्यमंत्री ने किसान के साथ मिलकर धान का तौल कराया एवं किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को जाना। उल्लेखनीय है कि महराजपुर उपार्जन केंद्र के अंतर्गत महराजपुर, कांपा, जीताटोला और डगनिया के कुल 769 पंजीकृत किसान हैं। उपमुख्यमंत्री ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्थाओं का व्यापक एवं गहन निरीक्षण करते हुए किसानों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। उन्होंने उपार्जन केंद्र में उपलब्ध सभी मूलभूत सुविधाओं, तौल व्यवस्था, टोकन वितरण प्रक्रिया, परिवहन प्रबंधन तथा खरीदी से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि की विस्तार से जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष मोदी की गारंटी को पूर्ण रूप से लागू करते हुए किसानों के हित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनका प्रत्यक्ष लाभ राज्य के लाखों किसानों तक पहुँच रहा है।

उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पिछले दो वर्षो से धान खरीदी की प्रक्रिया अत्यधिक पारदर्शी, तकनीक आधारित और किसान-हितैषी ढंग से संचालित की जा रही है। इसी का परिणाम है कि किसानों को समय पर भुगतान, सुव्यवस्थित तौल, पर्याप्त बारदाना उपलब्धता और न्यूनतम प्रतीक्षा समय सुनिश्चित हो पाया है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक पंजीकृत किसान का धान खरीदा जाएगा, किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

## विनायक स्कूल में बाल उत्सव आनंद मेला आयोजित




**हरिभूमि कवर्धा।** शुक्रवार को बाल दिवस के उपलक्ष में विनायक पब्लिक स्कूल रामनगर-शंकर नगर कवर्धा में बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक बाल उत्सव आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू को याद करते हुए माल्यार्पण कर किया गया। स्कूल के निदेशक डॉ नारायण साहू, श्रीमती लक्ष्मी साहू, रविन्द्र शर्मा की उपस्थिति में स्कूल के सभी बच्चों को एवं स्कूल एकेडमिक विभाग को इस अवसर पर बधाइयां एवं अशेष शुभकामनाएं देते हुए सभी के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की एवं इस कार्यक्रम के माध्यम से चाचा नेहरू जो कि बच्चों के बहुत ही चहेते थे, बच्चों के प्रति प्यार व स्नेह भाव एवं लगाव से प्रेरित होकर अपने जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाते हैं। संस्था प्रमुख द्वारा बाल उत्सव आनंद मेला का मतलब एवं महत्व समझाते हुए एवं बच्चों के अंदर जोश भरते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आगाज किया गया और सभी छात्र-छात्राओं के प्रति अपना स्नेह भाव एवं आर्शीवचन व मार्गदर्शन किया। तत्पश्चात प्री-प्राइमरी विंग के नैना भी राम विभिन्न वेशभूषा से सुशोभित नन्हे मुन्ने बच्चों का फैशन शो कार्यक्रम किया गया एवं प्राइमरी व मिडिल विंग के बच्चों के द्वारा भी विविध कार्यक्रम के माध्यम से सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। वहीं बाल दिवस के इस अवसर पर सीनियर विंग के छात्र-छात्राओं द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का समावेश लगाया गया और लेन-देन व व्यापार-व्यवसाय के भी गुण सीखें।

## पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने जन्मदिन पर वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने अपने जन्मदिन को सेवा और संस्कार के रूप में मनाते हुए शनिवार को कवर्धा स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचकर बुजुर्गो से आर्शीवाद लिया। उन्होंने आश्रम में निवासरत वृद्धजनों को फल-फूल एवं ठंड को ध्यान में रखते हुए शाल वितरित की। उन्होने वृद्धजनों से आत्मीयता के साथ बातचीत की और उनके स्वास्थ्य व आवश्यकताओं की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि यहां रहने वाले सभी वृद्धजन मेरे लिए माता-पिता के समान हैं। उनसे मिलकर मन को सुकून मिलता है। मैं हर वर्ष अपने जन्मदिन पर उनका आर्शीवाद लेने जरूर आती हूँ। ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हों। आश्रम प्रबंधन ने भी पूर्व विधायक के इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर पूर्व विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए सुबह से देर शाम तक समर्थकों, कार्यकर्ताओं, समाजजनों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। सभी ने उनके सामाजिक सरोकारों तथा संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।

### खो-खो व कबड्डी खेल में छात्राओं ने दिखाएं अपनी प्रतिभाएं



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवड़न खुर्द में सुबह शनिवार के दिन स्कूली बच्चों ने स्कूल परिसर पर खो-खो व कबड्डी सहित अन्य खेलकूद में अपनी-अपनी प्रतिभाओं को दिखाएं जिसके कारण छात्र-छात्राओं में खेल कूद में जुनून का माहौल बना रहा। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठिका सरस ठाकुर, चंद्रकला खुसरो व अर्चना मिरी, नंदनी साहू, मंजू नायक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### विधायक ने साड़ी एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया

## भावना ने 328 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओ को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

महिला एवं बाल विकास परियोजना कुण्डा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान समारोह में कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना द्वारा परियोजना कार्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक शामिल हुई।विधायक भावना बोहरा का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्रीमती भावना बोहरा के करकमलों से दीप प्रज्जवलित एवं पूजा अर्चना कर की गई तत्पश्चात विधायक द्वारा 164 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व 164 सहायिकाओं को साड़ी एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया, वही कार्यरत सात सुपरवाइजरों को साड़ी देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में ओम यदु, बालमुकुंद चंद्रवंशी, दिनेश मिश्रा, राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे, नंदनी साहू, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, कृष्णा चंद्राकर, ध्वजाराम चंद्राकर, अश्वनी यदु, हरेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, रमन खनूजा, भूपेंद्र चंद्राकर, गणेश सोलंकी, निलेश गुप्ता, सूरज यादव, वागीश चंद्राकर, कृष्णा बंजारे, पन्ना साहू, लव साहू, प्रताप सेन, बृजेश सोनी, देवदत्ता चंद्राकर एवं कार्यकर्ता व सहायिका तथा भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

**कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का योगदान प्रशंसनीय : विधायक**

विधायक भावना बोहरा ने कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का माताओं शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य हेतु जन-जागरुकता एवं सामाजिक जनभागीदारी आप लोगों का योगदान एवं आप लोगों का दिन रात परिश्रम प्रशंसनीय है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार बच्चों का समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आंगनबाड़ी केंद्रों को और अधिक सशक्त व प्रभावशाली बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

